भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. 300*

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

दूसरे देशों में आयुष वेलनेस केन्द्र खोलना

*300. श्री रोडमल नागर
श्री दिनेशभाई मकवाणा

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से विश्व स्तर पर आयुष उत्पादों और सेवाओं को कितना बढ़ावा दिया गया है;

(ख) क्या सरकार का विचार विदेशों में आयुष वेलनेस केन्द्र खोलने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

लोक सभा में 07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या 300* के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): आयुष मंत्रालय आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध, तथा होम्योपैथी सहित आयुष में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजना का कार्यान्वयन कर रहा है। इस योजना के अंतर्गत मंत्रालय भारतीय आयुष औषधि विनिर्माताओं/आयुष सेवा प्रदाताओं को आयुष उत्पादों एवं सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने हेतु सहायता प्रदान करता है; आयुष चिकित्सा पद्धतियों के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवर्धन, विकास एवं मान्यता को सुगम बनाता है; हितधारकों के मध्य परस्पर संवाद तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयुष के बाजार विकास को प्रोत्साहित करता है; विदेशों में आयुष अकादमिक पीठों की स्थापना के माध्यम से शिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देता है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बारे में जागरूकता एवं अभिरुचि को बढ़ावा देने और इसके सुदृढ़ीकरण के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं/संगोष्ठियों का आयोजन करता है।

आयुष मंत्रालय ने आयुष पद्धतियों के अंतरराष्ट्रीय प्रचार-प्रसार एवं संवर्धन के लिए 27 देश स्तरीय समझौता ज्ञापन, 16 आयुष पीठों से संबंधित समझौता ज्ञापन तथा 57 संस्थान-से-संस्थान स्तर के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

हाल के वर्षों में इन सहयोगात्मक पहलों ने भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूकता एवं स्वीकार्यता को बढ़ाने में योगदान दिया है, जिसके परिणामस्वरूप भारत से इन उत्पादों के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। एक्ज़िम बैंक से प्राप्त जानकारी के अनुसार (डीजीसीआईएंडएस के डेटा पर आधारित), भारत से आयुष एवं हर्बल उत्पादों का निर्यात वर्ष 2021-22 में ₹4,563.5 करोड़ (लगभग 612.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से बढ़कर वर्ष 2025-26 में ₹5,639.2 करोड़ (लगभग 638.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गया है, जो इस अवधि के दौरान 5.4% (₹ में) चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) दर्शाता है।

(ख) से (घ): सरकार द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय सहयोग के माध्यम से वैश्विक स्तर पर आयुष के विस्तार को प्रोत्साहित कर रही है। आयुष में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहन संबंधी केंद्रीय क्षेत्र की योजना के अंतर्गत, विदेशों में नए स्वास्थ्य केंद्रों/संस्थानों के सुदृढ़ीकरण/स्थापना संबंधी प्रस्तावों पर साझेदार देश के साथ परस्पर सहयोग के आधार पर विचार किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, निम्नलिखित घोषणाएँ की गई हैं:

- दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया को शामिल करते हुए, बिम्सटेक देशों में पारंपरिक चिकित्सा पर अनुसंधान और प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना।
- विज्ञान, पारंपरिक पद्धतियों तथा स्वास्थ्य के एकीकरण के उद्देश्य से जापान के साथ सहयोग ।
- भारत एवं मॉरीशस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित किए जाने वाले आयुष उत्कृष्टता केंद्र की मॉरीशस में स्थापना।

*****